still hopeful that with a concerted effort on our part and with action in unison from the representatives of the people, the Government, the NGOs, the bureaucrats and everybody else put together, we would be able to prevent the spread of this disease and put an end to this uninvited challenge of the century.

I would like to bring to the notice of this House that the society is inflicting a kind of an ostracism on the people afflicted by this disease. The picture coming before the people afflicted by this disease is very alarming. I do agree with the hon. Member who spoke earlier that such a gloomy picture leads to a fear psychosis in the minds of the people. So, we have to imagine the condition of the people afflicted by this disease.

**17.19 hrs** (Shri Devendra Prasad Yadav *in the Chair*)

When they are ostracised by their own kith and kin, their life becomes very miserable. They know that their lives are going to end. So, we must give them a way to have happiness in their short life, which they are going to end, on this Earth. Therefore, I feel that along with medical surveillance, rehabilitation and relief, both physical and mental relief should be provided to these unlucky people afflicted by this disease. For this, awareness programmes of very vital importance. The medical aspect of the Bill has been already framed in a very detailed manner. So, I am not going into the various clauses of this Bill. But awareness programmes have a very significant place in our effort to stop the spread of this disease.

Another point I would like to emphasise is that in the present scenario of privatisation and liberalisation − I am not blaming any system or establishment − the Union Government as well as the State Governments are actually withdrawing from the social service sector of which health and family welfare are of immense importance. If the Union Government and the State Governments withdraw from this sector, then who will take care of the poor people who are afflicted by this disease?

It is already mentioned by other hon. Members that the treatment is very costly. Even for the middle class people, as the medicine is very costly, they would rather think in terms of dying at the earliest rather than having the proper treatment. We can just imagine the conditions of the poor people who form the largest majority of the total population. So, the Union Government and also the respective State Governments should take care of the treatment of the HIV positive patients.

Sir, even in my Kerala State the condition is very bad. The Health Secretary is in doldrums. Kerala is one of the States where the health indices are actually taken to be a model for the countries at the international level also. But, there, we have even cases where the persons who are supposed to be afflicted, not even detected but suspected or supposed to be afflicted by HIV positive, are beaten to death. So, some amount of kindness should be shown to them and that will not come automatically. A proper awareness programme should be designed at the Government level and it should be carried out on a very large scale. I am sure, cultural programmes, street dramas and the awareness campaign through the electronic media will be very effective because the electronic media is becoming very popular in the far-flung areas. If people do not have television in their houses − in Kerala that is our experience − they go to the neighbouring houses and then see the television programmes. If the Government of India launches such an elaborate programme to give a very elaborate awareness programme for the benefit of the people, then that would be very effective. The fear psychosis should be removed from the people through the awareness programme because that is more harmful than the disease itself. Even a person next to kin is actually isolating or ostracising the person afflicted by the disease. This awareness programme will actually help people to get rid of their fear and then they will think in positive manner and try to help the afflicted persons.

Then, another suggestion I would like to submit is health camps for surveillance purpose should be organised. Of course, health camps will be very popular. A number of NGOs are even now conducting eye camps and health camps for detecting and treating various other diseases. Not merely for the HIV patients, but for the general public, health camps should be conducted and there, it can be tested and detected whether a person is actually having HIV or not.

Sir, I wanted to congratulate the hon. Minister because he has already started on this line. We got a communication a few days ago from the hon. Minister, exclusively dealing with this dangerous disease and in that communication, it is mentioned that TB and HIV are co-infectious. So, this is posing a greater danger. Tuberculosis itself is a disease, which has to be treated, but it takes a lot of time and the medicine is also very costly.

Along with that, if the person is afflicted by HIV, then the situation will be very complicated and it will not be possible to control it as we expect.

Considering all these points, the responsibility of the union Government is very high. One positive point is that the hon. Minister has decided to take care of this particular aspect. That is a very healthy and good sign. Of course, if we all come together in unison and take up this challenge of the century, then, I think, there will not be anything which will prevent us from success.

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) :** सभापति महोदय, डा.वी.सरोजा द्वारा लाये बिल अर्जित प्रतिरक्षण न्यूनता संलक्षण(एड्स) निवारण विधेयक, 2000 का मैं पुरजोर समर्थन करता हूं। वास्तव में, जैसा अभी बताया गया कि एड्स एक भयावह और पूरे विश्व में एक बड़ा भारी संकट पैदा करने वाली बीमारी है। डब्ल्यू.एच.ओ. के अनुसार लगभग पांच से लेकर दस मिलियन तक एच.आई.वी. रोग संक्रमित व्यक्ति सारे संसार में हैं। अब भारत का विश्व में दूसरा स्थान हो गया है। बड़ी तेजी से यह रोग बढ़ता जा रहा है। मैं सदन में कुछ आंकड़े प्रस्तुत करना चाहूंगा। मैं सारे राज्यों के आंकड़े प्रस्तुत नहीं कर रहा हूं। लेकिन 1986 से सितम्बर, 2001 तक स्थिति धीरे-धीरे बद से बदतर होती चली गई। मर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की। 1986 से 1992 के बीच में हमारे देश के अंदर सारे राज्यों में कुल मिलाकर 260 रोगी थे। 1993 में 252, 1994 में 457, 1995 में 1047, 1996 में 1051 और वर्ा 2001 में 14149 रोगी देश में हो गये। इनमें से सबसे ज्यादा रोगी केरल, मणिपुर, तमिलनाडु और महाराट्र राज्यों में हैं। महाराट्र के मुम्बई शहर में आधे से ज्यादा रोगी है। इसके अलावा दिल्ली में इन रोगियों की संख्या पाई जाती हैं। â€¦ (व्यवधान)

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) :** मुम्बई में कितने रोगी हैं?

**प्रो. रासा सिंह रावत :** यह रोग जिस तरह से बढ़ता जा रहा है, वास्तव में यह भयावह स्थिति उत्पन्न करने वाला है। मैं कहना चाहता हूं कि एड्स के नाम पर हौवा खड़ा करने की आवश्यकता नहीं है। एड्स के नाम पर जो भय पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है, उसकी आवश्यकता नहीं है।

सभापति महोदय, हमारे यहां शास्त्रो में प्रार्थना किया करते थे -

"हे ईश्वर दयानिधे भवत् कृपया अनेने जपोपासनादि कर्मणा,

धर्मार्थ काम मोक्षाणाम, सद्य सिर्द्धि भवेत"

अर्थात् हे परम पिता परमात्मन् आपकी कृपा से हम जो जप, उपासना आदि कर्म करते हैं, इनके कारण चतुर्वर्ग की प्राप्ति हो। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों वर्गों की प्राप्ति हो। धर्मपूर्वक जब तक अर्थ था, धर्मपूर्वक जब तक काम था, तब तक मुक्ति भी संभव थी। लेकिन धर्म हट गया। कोरा अर्थ और काम, कंचन और कामिनी, सुरा और सुंदरी के जाल में आधुनिक भोगवादी सभ्यता फंसी है। यह इसी का दुपरिणाम है कि एड्स जैसी भयानक बीमारी आ गई। पहले टी.बी. थी। उसके बाद कैन्सर आ गया और उसके बाद एड्स नाम का भयानक रोग आ गया। यह आधुनिक सभ्यता की निशानी है। स्वच्छंद यौनाचार और असंयमित जीवन इसके कारण हैं। यानी संयमित जीवन नहीं है। हमारे यहां कहा गया है -

" संयमः खलुजीवनम्, मातृवत् परदारेशु "

अर्थात हमारे यहां संयम ही वास्तव में जीवन है।

" ब्रह्मचर्येण देवा: मृत्युम्पाध्नत् "

अर्थात् ब्रह्मचर्य के आधार पर देवताओं ने मृत्यु पर भी विजय प्राप्त की थी और जो भारतीय दृटिकोण था कि शरीर के अंदर प्रतिरोधक शक्ति पैदा करना, ताकि इस प्र ाकार के रोगों से संक्रमित होकर एक से दूसरे व्यक्ति में ना आये। लेकिन आज उच्छृंखल जीवन हो गया है। नशेड़ी, भंगेड़ी, गंजेड़ी तथा हमारी नयी पीढ़ी में एल.एस.डी., कोकीन, हेरोइन आदि का प्रयोग होने लगा है।

जब माता-पिता का नियंत्रण बच्चों पर नहीं रहने लगा और संस्कारयुक्त जीवन नहीं रहने लगा तोपरिणामस्वरूप टीनएज में 13 से 19 साल के बीच में ऐसा बिगड़ने का समय आया कि युवकों में और नौजवानों में इस बीमारी की प्रतिशतता देखी जाए तो सबसे ज्यादा पाई जाती है। मैं सरकार से कहना चाहूँगा कि बच्चे भारत का भविय हैं, विश्व का भविय हैं। बच्चों में जागरूकता पैदा करना इस रोग के विरुद्ध कि रोग क्या है, इसका प्रिवेन्शन कैसे हो और उसके साथ साथ इस पर कंट्रोल कैसे हो, उसकी जानकारी बच्चों को देनी चाहिए। कैसे अपना जीवन चरित्रवान सदाचार और जो भारतीय जीवन के महान जीवन मूल्य थे, उन जीवन मूल्यों को अगर जी वन में धारण करेंगे और सुसंस्कृत जीवन और संयमित जीवन बनेगा तो इस प्रकार से बीमारियों से दवाओं की अपेक्षा और नए नए अनुसंधानों पर करोड़ों रुपये खर्च करके भी जो कुछ हम प्राप्त नहीं कर सकते, वह शायद इस प्रकार की शिक्षा से हम प्राप्त कर सकते हैं।

मान्यवर, मैं एक दो बातें और कहना चाहूँगा। व्यवहार और आचरण में जहां संयम की आवश्यकता है, वहां मदिरा के अधिक प्रयोग से बचा जाए। जहां पर वेश्यावृत्ति के अड्डे हैं या फिर लाल बत्ती एरिया है, उन पर भी सरकार निगरानी रखे। इस प्रकार की दुप्रवृत्ति समाज में नहीं पनपे ऐसी शिक्षा लोगों को दी जाए। हमारे यहां कहा जाता है - मातृवत परदारेु - अर्थात् दूसरे की स्त्री को माता के समान समझो। एक पत्नीव्रता और एक पतिव्रता का जो लक्ष्य था शायद दूसरों के साथ यहां खुलकर या इधर उधर जो लोग पतित हो जाते हैं, जीवन में भ्रट हो जाते हैं, ऐसे व्यक्ति किस प्रकार से अपने जीवन को संयमित करके और सच्चरित्रता के आधार पर, सदाचार के आधार पर, नशीली चीजों से दूर रहकर अपने जीवन को संयमित बना सकता है ताकि इस रोग से उनको दूर रखा जा सकता है। एक और बात कही गई है कि एंट्री रैट्रो वायरल चिकित्सा को भी यहां पर प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। शरीर में प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो ताकि इस प्रकार का संक्रमण नहीं फैले।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहूँगा कि जगह-जगह पर ब्लड डोनेशन कैम्प लगते हैं। सब जाकर ब्लड देते हैं। उसमें सबका एक साथ खून लिया जाता है लेकिन किसका खून संक्रमित है और कौन सा असंक्रमित है, कौन सा एच.आई.वी. ग्रसित है, यह ध्यान भी रखा जाना चाहिए। ऐसे ब्लड डोनेशन कैम्पों में लोग ज्यादा से ज्यादा ब्लड डोनेट करते हैं। यह ब्लड डोनेशन कैम्पों वाली संस्कृति जो पनप रही है और जो ब्लड बैंक हॉस्पिटल में बने हुए हैं वहां पर कई बार ध्यान नहीं रखा जाता और एक ही सुई का इस्तेमाल खून निकालने में बार बार किया जाता है तो परिणामस्वरूप ब्लड संक्रमित हो जाता है या इम्यूनाइजेशन के दौरान इंजैक्शन्स की सुइयों को बदलने पर ध्यान नहीं दिया जाता तो वह रोग फैलाने का काम करता है। इस बारे में भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

मान्यवर, भारत में वैसे तो सरकार ने राट्रीय एड्ज़ निवारण एवं नियंत्रण नीति भी लागू की है और नए मंत्री जी सिन्हा जी आए हैं और वह सबसे पहले इस लोक सभा में एड्ज़ वाली डिबेट में सम्मिलित होकर आज इस समीक्षा का समाधान करने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है, उत्तर देने का प्रयास करेंगे। उनसे बड़ी आशा है और अभी हाल ही में वे बार्सीलोना जाकर आए हैं। वहां अंतर्राट्रीय मंच पर एड्ज़ के बारे में क्या उपाय हो रहे हैं, वे हमें बताएंगे। हालांकि भारत में पिछले तीन वर्ाों में - 1999 में 229 मौतें इस बीमारी से हुईं, 2000 में 378 मौतें हुईं और 2001 में 765 मौतें हुईं। मौतों का ज़िक्र मैंने इसलिए किया कि अगर मनोवैज्ञानिक दृटि से इसका हौवा खड़ा नहीं करें, जैसे किरीट सोमैया जी बता रहे थे, बड़ा कारुण दृश्य उपस्थित कर रहे थे, बड़ी भयावह स्थिति बता रहे थे जैसे बड़ा भारी हौवा आ गया या भय का वातावरण पैदा किया गया जिसके कारण वे अपनी बीमारी को छिपाते हैं और बता नहीं पाते हैं। वह रोगी भी ठीक हो सकता है। उसमें आत्मविश्वास पैदा करना चाहिए कि जैसे कोढ़ी का कोढ़ ठीक हो सकताहै, कैन्सर वाले का कैन्सर ठीक हो सकता है, उसी प्रकार से एड्ज़ के रोगी का एड्ज़ भी ठीक हो सकता है, अगर वह दवाओं का सेवन करे और अपने शरीर में प्रतिरोधक क्षमता पैदा करे।

**सभापति महोदय :** माननीय सदस्य का कहना है कि हैल्थ मिनिस्ट्री के अलावा और भी मिनिस्ट्रियों को इसमें लगना होगा। सभी तरह के काम करने होंगे। आत्मबल बढ़ाना होगा। आहार-विहार ठीक करना होगा, आचार-विचार पर ध्यान देना होगा। सभी बातों पर ध्यान देने से इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

**प्रो. रासा सिंह रावत** : सभापति महोदय, मैं आपके कथन से पूरी तरह सहमत हूं। आसन से जो व्यवस्था दी गई है, मैं उसे स्वीकार करता हूं।

सभापति महोदय, अन्त में मैं केवल दो बाते और कहना चाहता हूं। युवकों के अंदर विशेा रूप से होस्टल वगैरह में जहां लड़के और लड़कियों को साथ-साथ रहने के अ वसर ज्यादा उपलब्ध हैं, वहां विशेा ध्यान देने की आवश्यकता है। उनमें जागृति पैदा करने की आवश्यकता है। इस बारे में उन्हें पढ़ाने की भी आवश्यकता है। उन्हें एजूकेट करने की भी आवश्यकता है।

सभापति महोदय, डा. सरोजा ने इस विधेयक के अंदर राज्य सरकारों का क्या कर्तव्य है, स्वास्थ्य अधिकारियों का क्या कर्तव्य है, केन्द्र सरकार का क्या कर्तव्य और एच.आई.वी. पाजीटिव वाली 20 सप्ताह की गर्भवती महिला की गर्भावस्था को कैसे बचाया जाए और उनकी किस प्रकार जांच की जाए, गुर्दा, रक्तदान के बारे में भी बताया गया है कि उनकी किस प्रकार से जांच की जाए और वाणिज्य संगठनों के द्वारा जो रक्त बेचने आदि की प्रवृत्ति है, उसे कैसे रोका जाए, उसकी जांच हो आदि सभी व्यवस्थाएं अच्छी हैं और उपाय अच्छे हैं। इसके अंदर चारों चीजों का ध्यान रखना चाहिए।

सभापति महोदय, संक्रमित व्यक्ति को परामर्श दिया जाए कि भाई तुम ठीक हो सकते हो। स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान की जाए, सामाजिक चेतना पैदा की जाए ताकि उसे सामाजिक अवलंबन मिल सके, समाज का सहारा मिल सके और घर वाले उसे बिलकुल नैगलैक्ट न कर दें। सामाजिक सहारे के साथ-साथ उसके पुनर्वास की व्यवस्था भी हो। तभी वास्तव में इस रोग के ऊपर नियंत्रण किया जा सकता है। इसके निवारण और नियंत्रण के लिए उपाय किए जाएं। सबसे बड़ा तो व्यावहारिक उपाय किया जाना चाहिए। जो ध्यान अवस्था है, जिसमें ध्यान लगाकर कंसन्ट्रेट करने की कोशिश की जाती है, वह किया जाए। इस प्रकार से बुराइयों से हटकर सद्-प्र ावृत्ति की ओर मनुय को जाना चाहिए। "असतोमा सदगमय" यानी असत्य से सत्य की ओर जाना चाहिए। यदि इसका प्रयास किया जाएगा, तो मैं समझता हूं कि निश्चित रूप से एड्स से मुक्ति पा सकेंगे।

सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं।

**डॉ.लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) :** माननीय सभापति महोदय, एड्स एक भयावह संक्रामक रोग है। इस रोग की भयावहता को देखते हुए विभिन्न देशों से जो सहायता भारत को अन्तर्राट्रीय स्तर पर प्राप्त होती है, मैं जानना चाहूंगा कि वह कितनी है और वे अन्तर्राट्रीय संगठन कौन-कौन से हैं जो भारत को सहायता देते हैं और भारत में कौन्-कौन से संगठन हैं जो इसको प्राप्त करते हैं।

मैं यह भी जानना चाहूंगा कि जो सहायता राशि विभिन्न देशों से प्राप्त होती है क्या उसका ठीक से उपयोग हो रहा है या नहीं, क्या स्वास्थ्य मंत्रालय उसके ऊपर निगरानी रख रहा है या नहीं, ताकि अन्य देशों से प्राप्त होने वाली सहायता का सदुपयोग हो और इस बीमारी की जिस प्रकार से हम रोकथाम करना चाहते हैं वह की जा सके।

**सभापति महोदय** : दोहा डिक्लेरेशन सहित।

**श्रीमती कान्ति सिंह (बिक्रमगंज) :** सभापति महोदय, मैं सबसे पहले डॉ. सरोजा को धन्यवाद देना चाहती हूं कि जिस तरह से देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में एच.आई.वी. पाजीटिव यानी एड्स चुनौती के रूप में हमारे सामने खड़ी है। मैं समझता हूं कि महिला द्वारा एड्स के निवारण एवं नियंत्रण के लिए लाया गया यह ि वधेयक पहला प्रयास है जिसके लिए वे बधाई की पात्र हैं।

सभापति महोदय, मैं इसके साथ ही साथ माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी को भी बधाई देना चाहती हूं कि उन्होंने मंत्री पद का भार संभालते ही अपने पत्र द्वारा सभी को अ वगत कराने का काम किया है जिससे यह प्रकट होता है कि माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी को एच.आई.वी. पाजीटिव, एड्स के बारे में कितनी चिन्ता है और इस बारे में वे कितने जागरुक हैं। इस बात को इन्होंने अपने पहले पत्र के माध्यम से ही पूरे सदन को बताने का काम किया है।

महोदय, आज एड्स, समाज, समुदाय और अर्थव्यवस्था को जिस प्रकार से छिन्न-भिन्न कर रही है और जिस प्रकार से यह विकास के मार्ग में अवरोधक के रूप में खड़ी हुई है, यह स्थिति बहुत विाम एवं भयावह है। पिछले एक दशक में देश और दुनिया में जिस गति से इस बीमारी ने पांव पसारे हैं, वह एक चिन्ता का विाय है और सबसे बड़ी चिन्ता का विाय यह है कि हमारी तमाम कोशिशों के बावजूद हम एड्स का ठोस उपचार नहीं निकाल पा रहे हैं।

इसमें दिन प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मुहैया कराये गये आंकड़ों पर जब नजर डालते हैं तो हमें पता चलता है कि वर्ा 2000 के आखिर तक दुनिया में 3 करोड़ 61 लाख वयस्क और 14 लाख बच्चे एच.आई.वी. पोजीटिव की चपेट में आ चुके हैं। एड्स के कारण 30 लाख लोग मौत के मुंह में जा चुके हैं। दक्षिण और दक्षिण पूर्वी एशिया में वर्ा 2000 में संक्रमित लोगों की संख्या सात लाख थी। इस क्षेत्र में अभी करीब 58 लाख वयस्क और बच्चे एच.आई.वी. पोजीटिव की चपेट में आ चुके हैं।

मेरा कहना है कि एड्स के 74 प्रतिशत मामले असुरक्षित यौन संबंधों के कारण है। अब यौन संबंधों के बारे में काफी प्रचार-प्रसार भी हो रहा है। बहुत दिनों से देखा जा रहा है कि नैशनल हाईवेज पर रात्रि में जो ट्रक चलते हैं, उन ट्रकों के ड्राइवर 14 वर्ा से लेकर 18 वर्ा तक की लड़कियों को हायर करके उनके साथ यौन संबंध बनाते हैं। यह स्थिति दिन-प्रतिदिन आगे ही बढ़ती जा रही है, यानी इसकी रफ्तार बढ़ती जा रही है। मैं समझती हूं कि इसमें स्थानीय प्रशासन का भी सहयोग रहता है। जब वे ट्रक रास्ते पर चलते हैं तो रास्ते में मोबाइल पुलिस भी काफी रहती है लेकिन उसके बावजूद इन घटनाओं में कोई रोकथाम नहीं हो रही। इसी तरह जब वे लड़कियां गांव में जाकर किसी और के साथ यौन संबंध बनाती हैं तो इससे भी उनकी संख्या में बढ़ोतरी हो रही है और इस तरह से यह बीमारी गांवों में भी प्रवेश करती जा रही है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

इसी तरह जो सैक्स वर्कर्स हैं, उनके साथ बहुत से लोगों का संबंध होता है। इस कारण भी एड्स के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। मैं एक बात बताना चाहती हूं कि टेलीविजन पर विभिन्न चैनलों के माध्यम से आम नागरिकों को सचेत करने के लिए कंडोम का प्रचार तो किया जाता है लेकिन उसके साथ-साथ कामसूत्र के बारे में भी दिखाया जाता है। मैं समझती हूं कि यह हमारे समाज के लिए बहुत ही विकराल रूप लेने जा रहा है क्योंकि जब इन सब चीजों को बच्चे देखते हैं तो उनको कंडोम की बात तो समझ में नहीं आती लेकिन चित्र के द्वारा जो सामने प्रदर्शित होता है, उसका उनके मन पर बहुत बुरा असर पड़ता है। 12 वर्ा से लेकर 18 वर्ा तक के बच्चों पर इसका बहुत ही गलत प्रभाव पड़ रहा है।

अभी किरीट सौमेया जी ने बहुत ही भावनात्मक तरीके से, बहुत ही ह्रदयविदारक रूप में बताया कि जो गर्भवती महिलाएं एड्स से ग्रसित हैं, उनके साथ उनके होने वाले बच्चे भी एड्स से प्रभावित हो जाते हैं। उनका दोा क्या है ? यदि देखा जाये तो समाज में हर तबके की ज्यादातर महिलाएं हर तरह से प्रताड़ित हो रही हैं, चाहे वह दहेज हत्या हो या डोमेस्टिक वायलेंस हो, हर तरह से महिलाएं प्रताड़ित हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जो आंकड़े दर्शाये गये हैं, उनसे पता चलता है कि 38 से 48 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं इस एच.आई.वी. पोजीटिव से ग्रसित हैं। आखिर उनका दोा क्या है ? इस तरह उन्हें हर तरफ से प्रताड़ित क्यों होना पड़ रहा है?

यहां सब लोगों ने कहा कि एड्स के मामले में भारत का स्थान विश्व में दूसरा है। इसके बारे में काफी प्रचार प्रसार होता है, सेमीनार होते हैं, बुद्धिजीवियों और विद्वानों की बैठकें होती हैं, संगोठियां होती हैं और एडस निवारण हेतु विचार-विमर्श किया जाता है। मैं जानना चाहती हूं कि इन संगोठियों से कितने प्रतिशत लोग लाभान्वित हो

रहे हैं ? मैं इस तरफ मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करना चाहती हूं क्योंकि हमारे समाज के अंतिम छोर में बैठने वाले लोग, जो कि गांव में बसने वाले हैं, वे इसके प्र ाचार-प्रसार को देख नहीं पाते और न ही इसे समझ पाते हैं। मेरा कहना है कि उनमें जागरुकता लाने के लिए जो संगोठियां होती हैं या डाक्टरों का स्वास्थ्य मेला लगता है, वह गांव में पंचायत स्तर पर हो तो मैं समझती हूं कि इससे गांव का जो व्यक्ति अशिक्षित है, उसे भी एड्स के बारे में जानकारी प्राप्त हो जायेगी।

HIV एडस अनुसंधान हेतु डाक्टर विदेश चले जाते हैं, मंत्री विदेश चले जाते हैं, क्या इससे निराकरण हो जायेगा ? मैं किसी को आरोपित नहीं करना चाहती लेकिन यह सच्चाई है। इसलिए आज एड्स घटने के बजाए, इसमें दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति हो रही है, यह सिलसिला आगे बढ़ता जा रहा है।

मेरे क्षेत्र से एक व्यक्ति मेरे पास आया। वह बहुत ही संकोच में था। पहले तो वह कुछ कहने से घबरा रहा था कि पता नहीं, सांसद महोदया मुझे अपने यहां रहने भी देंगी या नहीं। मेरे बहुत कुरेदने के बाद उसने बहुत ही संकोच के साथ बताया कि मुझे एड्स की बीमारी हो गई है, यानी लोगों को बोलने में इतनी शर्म आती है। यह जरूरी नहीं है कि यह यौन संबंधों द्वारा होता है। ग्रामीण इलाकों में क्या होता है। आज शहरों में, बड़े-बड़े अस्पतालों में डिस्पोज़ेबल सिरिंज मिल जाती है लेकिन गांवों में एक ही सिरिंज से कई लोगों का खून निकालने का काम होता है। मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगी कि जहां तक संभव हो, आप इस पर रोक लगाएं ताकि ग्रामीण इलाकों में यह खून द्वारा जो एक-दूसरे में संक्रमण समाहित होता है, वह नहीं हो।

नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गनाइजेशन अध्ययन में पाया गया था कि भारत में माँ से नवजात शिशु में HIV संक्रमण होता है । जिस तरह कालाजार बीमारी के बहुत से उपचार निकल आए, उसकी दवाईयां हो रही हैं, उसकी रोकथाम की जा रही है, मलेरिया का इलाज हो रहा है, वैसे ही क्या वैज्ञानिकों ने अभी तक ऐसा कोई अनुसंधान नहीं किया है जिससे इस बीमारी से छुटकारा पाया जा सके क्योंकि जिस व्यक्ति को यह जानकारी हो जाती है कि उसे एच.आई.वी. पौज़ीटिव है तो मैं समझती हूं कि दवाई तो दूर, वह वैसे ही ज्यादा दिन जिन्दा नहीं रह सकता। उससे घर के लोग भी परहेज करने लग जाते हैं। लोग सोचते हैं कि हो सकता है कि साथ खान-पान से वह बढ़ जाए। इस तरह समाज में एक-दूसरे के साथ रहने से वह रोग से ग्रसित हो जाय, उसे अलग कर दें, साथ मत बिठाएं। हम कहेंगे कि इसे हौवा न बनाते हुए लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रचार-प्रसार का सहारा लेना चाहिए, नुक्कड़ सभाएं होनी चाहिए, समाचार पत्रों के माध्यम से बताया जाना चाहिए, ऐसी तस्वीर देनी चाहिए जिससे लोगों को समझ आ सके। जैसे मंत्री जी पहले फिल्म स्टार थे, इसलिए आज सारे देश का एक-एक बच्चा इनको पहचानता है। HIV संक्रमण के बारे में यदि बार-बार लोगों के बीच बताया जाएगा, ग्रामीण इलाकों के बीच ले जाने का काम किया जाएगा तो निश्चित तौर पर हमारे लोगों में जागरूकता आएगी। आज बहुत सी दवाइयां महंगी हैं जिन्हें गरीब तबके के लोग नहीं खरीद सकते, वे दो वक्त की रोटी का जुगाड़ नहीं कर सकते तो कैसे महंगी द वाईयां खा सकते हैं।â€¦ (व्यवधान)

**सभापति महोदय :** कांति जी, आप कितना समय और लेंगी।

**श्रीमती कान्ति सिंह** : मैं चाहूंगी कि मुझे बोलने के लिए थोड़ा और समय दिया जाए।

**सभापति महोदय** : अभी 5.50 बजे हैं। इस बिल के लिए जो समय निर्धारित किया गया था, वह समाप्त हो रहा है।â€¦ (व्यवधान)

**श्रीमती कान्ति सिंह :** मैं चाहती हूं कि लोगों में जागरूकता आनी चाहिए।â€¦ (व्यवधान)

**सभापति महोदय :** मैं आपको बोलने से रोक नहीं रहा हूं। मैं कहना चाहता हूं कि 5.50 हो गए हैं और इस बिल के लिए जितना समय निर्धारित किया गया था, वह समाप्त हो गया है। इसलिए यदि सदन की सहमति हो तो इस पर एक घंटे का समय और बढाया जाए क्योंकि यह विाय महत्वपूर्ण है और इस पर बहुत से माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं।

**डॉ.लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर)** : आपने इस पर एक घंटे का समय बढ़ा दिया लेकिन सदन कब तक बैठेगा, यह तय हो जाना चाहिए।

**सभापति महोदय :** हाउस 6.18 बजे तक बैठेगा। मैडम, अब कन्क्लूड कीजिए।

**श्रीमती कान्ति सिंह** : सभापति महोदय, मैं यह कहना चाह रही थी कि गर्भवती महिला के इलाज के लिए 175 रुपये की एण्टी रैक्टीवायरल दवा मिलतीक। मैं माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहूंगी कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर यह दवाई उपलब्ध करवाई जाये, ताकि ग्रामीण इलाकों की गर्भवती महिलाओं को यह दवा मिल सके और वे इस बीमारी से ग्रसित न हो सकें। मैं इसके साथ कुछ रोकथाम के बारे में भी कहना चाहूंगी। नवजात शिशुओं की माताएं अगर एच.आई.वी. एड्स के ग्रसित हैं तो उनके लिए अलग से दूध पीने की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि बच्चे स्तनपान न कर सकें। अगर अलग से दूध की व्यवस्था हो जायेगी तो वे इस बीमारी से भी कुछ छुटकारा पा सकते हैं।

इसके साथ ही आज जो लोग अशिक्षित हैं, कम पढ़े-लिखे हैं, उन पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित करना चाहिए और इसकी रोकथाम के लिए, प्रचार-प्रसार के लिए अधिक से अधिक धन आबंटित करना चाहिए। एच.आई.वी. एड्स से ग्रस्त लोगों की देखभाल के लिए अलग सैल की भी व्यवस्था करनी चाहिए।

शिक्षा में आजकल के बच्चे जो पढ़ाई करते हैं, उसमें एड्स विाय की शिक्षा भी सम्मिलित की जानी चाहिए। शिक्षा में अगर यौन सम्बन्धी विाय और एड्स को रख दिया जाये तो मैं समझती हूं कि हमारे 12 से लेकर 18 साल तक के बच्चे जागरूक हो सकते हैं तथा इससे भी इसकी रोकथाम हो सकती है। जैसा मैंने कहा कि इसका प्र ाचार-प्रसार काफी होना चाहिए और जगह-जगह इसकी दवाइयां उपलब्ध करानी चाहिए, क्योंकि ये दवाइयां जो बहुत महंगी हैं, वे आम जनता तक भी पहुंच सकें।

जो लोग रक्तदान करते हैं, इसके लिए शिविर लगाते हैं, शिविर लगाने से पहले सारी चीजों की जांच हो जानी चाहिए कि जो खून देने वाले, रक्त देने वाले व्यक्ति आये हैं, वे इस रोग से ग्रसित तो नहीं हैं। बहुत सारे लोग, रिक्शापुलर लोग अपना पेट पालने के लिए भी रक्तदान करते हैं। इससे जो पैसा मिलता है, उससे वे अपनी जीविका चलाते हैं। जहां रक्तदान शिविर लगता है, जहां पर भी रक्तदान होता है, वहां पर खून का भी टैस्ट होना चाहिए कि जो व्यक्ति रक्तदान करने आया है, वह इस रोग से ग्रसित तो नहीं है ताकि किसी दूसरे व्यक्ति में यह रोग प्रवेश न कर सके।

इन सब बातों को कहते हुए मुझे माननीय मंत्री जी से अन्तिम बार यह कहना है कि आपने जो पहल की है, मैं समझती हूं कि इस पर निश्चित तौर पर आपके माध्यम से इस देश के, समाज के, गांव के लोगों को एड्स की बीमारी से छुटकारा मिल सकेगा।

**श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर) :** माननीय सभापति जी, मैं विद्वान बहन डॉ. वी सरोजा जी के इस अति महत्वपूर्ण संकल्प का समर्थन करती हूं। साथ ही मैं उन्हें यह हिम्मत भी दिलाती हूं कि इस बिल को जितनी मेहनत से आपने बनाया है, इस बिल को नियमित बिल की श्रेणी में लाकर माननीय मंत्री जी इस पर ि वशेा ध्यान देते हुए इस बिल को सही रूप में पारित करने के लिए सहयोग करेंगे और सरकार की तरफ से बिल लाएंगे।

यदि स्वास्थ्य है तो यह संसार है। यह सही है कि पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में माया, तीजा सुख सुलक्षिणी नारी, यहां मैं नारी और नर दोनों के लिए कहूंगी और चौथा सुख संतान सुखारी। इन चारों ही व्यवस्थाओं के साथ यह भयानक बीमारी कालचक्र की तरह अड़ी हुई है। इस बीमारी के पीछे चाहे जो कारण हों,

उन कारणों पर मेरे पूर्व वक्ताओं ने काफी प्रकाश डाला है। भाई किरीट सोमैया इसकी भयावह स्थिति को हमारे देश में किस तरह से देख रहे हैं और उसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास कर रहे हैं, जूझ रहे हैं। इसके साथ ही माननीय सांसद आदरणीय रासा सिंह जी ने इसके साथ कुछ भावनात्मक पक्ष भी जोड़ा था और उस भावनात्मक पक्ष में भारतीय संस्कार, भारतीय व्यवस्था और पारिवारिक व्यवस्था पर प्रकाश डाला था, जो बहुत ही महत्व रखते हैं।

आज भी कुछ प्रान्त ऐसे हैं, जो प्रान्त इस बीमारी से बहुत दूर हैं। मैं सोचती हूं कि उन प्रान्तों के वासियों का एक तो ईश्वर मालिक है और दूसरी बात यह भी है कि उनका आचरण भी शुद्ध है। दादरा नागर हवेली, लक्षद्वीप और त्रिपुरा में आज भी इस भयानक बीमारी के जीवाणु नहीं पहुंच पाये हैं।

यह वहां के नागरिकों की सतर्कता या वहां के नागरिकों की दिनचर्या संस्कारवान है। इसके साथ-साथ ईश्वर तो रक्षक होता ही है। यह संसार 21वीं, सदी में जा रहा है। इसके साथ बहुत से भौतिक तंत्र भी काम कर रहे हैं, जिनमें मीडिया सबसे बड़ा है। मैं कहूंगी कि पाश्चात्य सभ्यता का दुपरिणाम और उनकी खुली पारिवारिक व्यवस्था, खुली संस्कृति कहीं भारत जैसे देश के लिए दोाी सिद्ध हो सकती है। पाश्चात्य सभ्यता का स्वछंद प्रदर्शन, उच्छृंखल प्रदर्शन मीडिया के माध्यम से घर-घर तक छा गया है। इससे बचने के लिए हमें अच्छे संस्कारों की आवश्यकता है। संस्कारों को यदि हम भारतीय पद्धति की पारिवारिक व्यवस्था के साथ अंगीकार करेंगे तो इस बीमारी से काफी हद तक बचा जा सकता है। टूटती हुई पारिवारिक व्यवस्था इसके लिए बहुत कुछ जिम्मेदार है। आज हम भौतिकता के साथ इतना भाग रहे हैं कि स्त्री और पुरूा दोनों को काम करना पड़ता है। वहां आपस में मानसिक टकराव भी पैदा होते हैं। इससे पुरूा और महिला अलग-अलग रास्ते भी अपना लेते हैं और उसके साथ यह बीमारी स्वतः जुड़ जाती है। इस कारण उनके निर्दोा बच्चे जो कोख और गोद में पलते हैं, वे भी उसका शिकार होते हैं। अगर जन मानस में जागरुकता पैदा की जाए, इस टूटी हुई व्यवस्था को सम्वाद या आपसी वाद विवाद के माध्यम से हल किया जाए, तो भी हम इस बीमारी से काफी हद तक बचने में कामयाब हो सकते हैं।

इसके अलावा हमारे देश में स्त्री-पुरूा का अनुपात भी काफी बढ़ रहा है। 1991 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार 1000 पुरूाों पर 933 महिलाएं हैं। यह अंतर महानगरों में और भी बढ़ा हुआ दिखाई देता है। अभी किरीट भाई मुम्बई के बारे में बता रहे थे, क्योंकि वह वहां के बारे में ज्यादा अच्छी तरह से जानते हैं। जहां देश में 1000 पुरूाों पर 933 महिलाएं हैं, वहीं मुम्बई और चैन्नई जैसी जगहों में यह अनुपात आधा है। उस स्थिति में यह स्वाभाविक है कि मानव जिन प्रक्रियाओं से गुजर रहा है, प्रकृति है, उसके प्रतिकूल सेक्स की ओर जाता है, उस परिस्थिति में इन महानगरों में जो भयावह स्थिति बनी है, उससे पता चलता है कि तमिलनाडू में देश के सबसे ज्यादा एड्स के मरीज, करीब 15054 हैं। उसके बाद महाराट्र के मुम्बई का नम्बर आता है। ये जो महानगर हैं, यहां देश के विभिन्न भागों से मजदूर लोग धनोपार्जन के लिए आते हैं। उस स्थिति में पारिवारिक व्यवस्था उनके साथ नहीं होती। आज हम अगर यह चाहें कि वेश्यावृत्ति एक दिन में समाप्त हो जाए, तो वह नहीं हो सकती। सदियों से यह चली आ रही है। काल के साथ हम देखते हैं कि हर युग में यह थी। उसके पीछे एक कारण यह भी था कि असुंतिलत स्त्री-पुरूा अनुपात में कमी के चलते यह व्यवस्था थी। इस व्यवस्था को कानून की परिधि में रहते हुए हमें दूर करना चाहिए और हमें कौन सा एरिया ऐसा है, इसको चिन्हित करना चाहिए। इसके अलावा वहां किन बीमारियों से ग्रसित होकर महिलाएं रह रही हैं और उनकी क्या हालत है, यह भी देखना चाहिए। बड़े पैसे वाले लोगों ने इस तरह की व्यवस्था में महिलाओं का जो दुरुपयोग किया है, उससे भी एड्स को बढ़ावा मिला है। जो भी लोग इसमें लिप्त हैं, उनके खिलाफ कठोर कानून बनाकर कार्रवाई की जाए और इन महिलाओं को इस चंगुल से बचाया जाए।

आज हम भले ही संसद के इस सदन में खड़े होकर बोल रहे हैं। लेकिन मैं बताना चाहती हूं कि मैं जिस गांव से आती हूं, वहां कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि मेरी जैसी महिला यहां आएगी और समाज के इस बड़े मुद्दे पर चिंतन करेगी। इस तरह के गांवों में रहने वाले लोगों की संख्या देखकर मैं कह सकती हूं कि वहां करीब 75 प्रतिशत लोगों को इस बीमारी का नाम भी नहीं पता होगा, क्योंकि वे पढ़े-लिखे नहीं हैं इसलिए वे इस तरह की बीमारियों के बारे में नहीं जानते।

## 18.00 hrs.

आज भी वहां चिकन-पॉक्स जिसे माता जी के नाम से जानते हैं कि माता निकल आई है और उसका उपचार भी उसी तरह से करते हैं जो उनका अंध-विश्वास चला आया है। महिलाओं की साक्षरता दर को देखते हैं तो भारत में आंकड़े 45 प्रतिशत है लेकिन यह 45 प्रतिशत आंकड़ा उन महिलाओं का है जिन्होंने अंगूठा छोड़कर अपना नाम लिखना सीख लिया है। उसको यह कहना कि योग्य शिक्षा, काम चलाऊ शिक्षा या सक्षम शिक्षा बढ़ गई है तो ऐसा नहीं है। साक्षरता अभियानों के चलते थोड़ी-बहुत यह दर जरूर बढ़ी है लेकिन फिर भी मैं कहूंगी कि एड्स एक ऐसी बीमारी है जो पढ़े-लिखे और बड़े लोगों की बीमारी है। गांवों के लोग खून और इंजेक्शन के संक्रमण से या दुर्भाग्य से जिस महिला का पति मुम्बई जैसे शहर में काम करता है तो वह वहां से इस बीमारी को लेकर आता है तो उसको यह बीमारी ट्रांसफर हुई है। ऐसी परिस्थिति में उनको नहीं पता कि यह क्या बीमारी है। ऐसी परिस्थिति में हमें ही ज्यादा जागना है लेकिन जो जगे हुए को जगाने की बात है जो कि बहुत कठिन काम है। जो पढ़े-लिखे लोग हैं या सक्षम या सामर्थ्यवान लोग हैं, उनके लिए बहुत सारी औरतों के साथ सम्बन्ध रखना या प्रतिदिन औरतों का बदलाव करना ही स्टेटस सिम्बल हो गया है तो ऐसी परिस्थिति में माननीय मंत्री जी को जरूर सोचना चाहिए क्योंकि आप जिस क्षेत्र से काम करते आये हैं या जिस स्थिति में काम करते आये हैं, मुझसे कहीं अधिक खुली तस्वीर आपके सामने है। आप उस महानगर को नजदीक से देखते हैं। हम तो केवल सुनते हैं लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि पढ़े-लिखे लोग गरीब औरतों को किस तरह से संक्रमण से प्रभावित कर रहे हैं और उनकी कोख में पले हुए बच्चे को किस स्थिति में धकेल रहे हैं, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। आप मंत्री हैं और बहन सरोजा जी डॉक्टर हैं। आप लोगों की भावना मिल जाएगी तो निस्संदेह हम पूरी तरह से आपके साथ हैं और संकल्प से आपके साथ हैं और अपने-अपने क्षेत्र के अंदर निस्संदेह हम महिलाओं से चर्चा करते हैं और उनको कहते हैं कि निर्भीक होकर अपनी बीमारियों को डॉक्टर को बताना चाहिए। लेकिन आपके मंत्रालय से टी.बी. या एड्स निदान हेतु जो फ्री कैम्प लगाने की बात चलती है और सारा धन गांवों के लिए जब जाता है, उदाहरण के लिए पल्स पोलियो के लिए जाता है तो मैं कहती हूं कि आज भी 23 मार्च को पल्स पोलियो की डेट के दिन 15 गांवों में मैं घूमी थी और एक भी गांव में पल्स पोलियो का अरेंजमेंट नहीं था। आप तक आंकड़ों का मकड़जाल पहुंचाया जाता है। इसीलिए मंत्री जी, मैं आपसे कहना चाहती हूं कि यदि सम्पूर्ण धनराशि का सही उपयोग किया जाता है तो निस्संदेह हमारे देश के अंदर से यह भयंकर बीमारी स्वत: साफ हो सकती है।

ये बड़े-बड़े पोस्टर, बड़ी-बड़ी किताबें, स्लोगन इत्यादि जो लिखे जाते हैं, ये किसको दिखाये जाते हैं ? ये सब शहरों में चल सकते हैं। शहरों में तो फिल्में भी चल सकती हैं लेकिन गांवों में साक्षर लोग नहीं होने की वजह से कुछ नहीं हो पा रहा है। उनके मन पर इसका प्रभाव नहीं पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में आपको अंत में मैं कहना चाहूंगी कि

" मंत्री, गुरु और वैद्य जो प्रिय बोले यह आस,

राज धर्म, तन तीन का होय बेगई मांस। "

आप मंत्री हैं। डॉक्टर बहन ने यह प्रस्ताव दिया है और मंत्री गुरू के रूप में जनता के लिए शिरोधार्य हैं। यदि निर्भीक होकर इन बीमारियों से लड़ना है तो आपके मंत्रालय से जो धन जाता है, उसका पाई-पाई यदि उपयोग नहीं होता है तो मैं सोचती हूं कि आपके मंत्रालय का गुरूतर भार पूरा नहीं हो सकता और एड्स के बारे में गांवों में किस तरह से समझा सकते हैं, इसके लिए आपको सोच बनानी होगी। अच्छा हुआ कि आपके यहां जो स्वयंसेवी संस्थाएं रजिस्टर्ड हैं, उनके बारे में सभी सांसदों को बताया जाए कि इस संसदीय क्षेत्र में इतना धन इस संस्था को दिया गया है।

ताकि हम इस संस्था के कार्यकलाप की जांच कर सकें और सहयोग कर सकें।

अंत में, मैं आपसे यही अनुरोध करती हूं कि इस भयानक बीमारी के निपटारन के लिए इस विधेयक को राजकीय विधेयक बनायें।

SHRI K. FRANCIS GEORGE (IDUKKI): Sir, at the very outset, I join my colleagues here to congratulate Dr. V. Saroja, our esteemed colleague for bringing a legislation like this which covers all the aspects of this dreaded disease.

The Bill provides for prevention, control and specialised medical treatment, social support and rehabilitation of those people who are being affected with this particular disease.

Sir, we know that our country is also not beyond this particular vicious and dangerous problem being faced by the world altogether. We have the examples of the African nations before us. They are highly perplexed and without means to control and prevent this deadly disease that has affected many of the people there. In our country also, millions have been affected. Our cities, specially our metros like Mumbai and Calcutta are supposed to be the breeding grounds of this dreaded disease.

Several suggestions have come up here. We must have a short-term and long-term plan to combat this menace. In the short-term plan, as it is rightly pointed in the Bill itself, we need to have an immediate State-wise survey about the number of people affected and are already under treatment. In the long-term plan, of course, it has to be a publicity drive about the causes, the preventive measures and all that can be done to effectively prevent the spread of this disease.

In the case of publicity drive, our hon. Minister is here. He is someone who knows publicity. He himself would be a good publicity for this very good cause. He has taken the initiative at the very beginning. Only a few days back, the hon. Minister convened a meeting of hon. Members to discuss this particular issue. So, the hon. Minister is very much seized of this great threat before the nation.

When we talk about combating this problem, of course, we need funds. What is the Central Government doing by way of special budgetary provisions for the prevention and cure of AIDS? The Ministry, I hope, in the next financial year, under the able leadership of the hon. Minister will make special provisions for this particular area alone. I do not think that Rs.100 crore or Rs.500 crore of recurring expenditure that Dr. Saroja has mentioned will do to effectively combat this problem, when we think of combating this menace. We are always looking to the West for preventive measures and medicines. Do we have our own Research and Development programme to develop the medicines and preventive measures in this particular field? The Health Ministry has to specially think about it. We have our own traditional systems of medicines and also allopathic system of medicines. We must concentrate and put in funds for special R&D drive to effectively carry out the preventive measures.

I feel that one point has been left out in this Bill.

It is the role of the NGOs and other charitable institutions. Of course, in a massive programme like this, which has to be run on a nation-wide basis, the Government alone cannot do the whole thing. Of course, the help of the NGOs and various charitable institutions has to be ensured.

There are several such institutions which are doing commendable work in this particular field itself. It is not only in general health-care but also in treating and taking care of AIDS patients that they help. That help is available in this country. Has the Government thought of those organisations? I can point out any number of names. But I would like to point out one particular name in the State of Kerala, in Trichur district. In *Chalakkudi* town, there is a place called *Muringoor*. There is the *Muringoor* Divine Retreat Centre. There, young nuns, probably of the age of 20 or 21, take care of the AIDS patients who have been brought in by their family members, who can never go back to their families, who want probably a peaceful death. These young girls take care of these patients at their own risk. There are so many institutions like that. Those institutions are functioning without funds and proper support. If the Government, on its own, cannot take care of these patients, it should encourage and help these kinds of organisations. The Government should conduct a State-wise survey to find out the institutions that are engaged in helping the AIDS patients. Whatever possible financial help that can be given to these institutions should be given by the Government and it should immediately come forward to do this. Till the Government can, on its own, or through its various centres, help out these patients, the existing institutions which are engaged in this kind of helpful activities should be encouraged. They should be helped.

Sir, I do not want to go further into it. Several suggestions have come up. At least one suggestion which the hon. Member Shrimati Kanti Singh made here must be considered. If the Government can ensure the availability of one single thing at the Primary Health Centre level like providing disposable syringes, which is something of a very vital and helpful thing to prevent this disease, it would go a long way. If at least that much can be done by the Central and State Governments, by providing disposable syringes at the PHC level, that would help a lot. Even that is not being done today. The situation in the Government hospitals is very pathetic. The hon. Minister should take care of this. It is a pathetic condition. A very few people can afford to go to private institutions where this kind of modern

medical treatment and facilities are available. But a vast majority in our country is the ordinary poor people. Such poor people are without this kind of help. So, the Government should at least take care of providing the minimum facilities in our Government hospitals and Public Health Centres. If all these measures are taken at a very fast and emergent level, it can really help in preventing further spread of this very dreaded disease. It will be a national calamity if it is not checked at the very immediate future itself.

Now, the hon. Minister has taken upon himself this as a particular mission of his in his new job. I hope it will go a long way in helping to prevent and control this disease in our country.

I once again take this opportunity to congratulate Dr. Saroja. I also congratulate the hon. Minister who has taken a good initiative in this particular field.

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर)** : सभापति महोदय, डा. सरोजा जी जो गैर-सरकारी विधेयक इस हाउस में लाई हैं वह बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक है।â€¦(व्यवधान) इसे गैर-सरकारी बिल के रुप में लाया गया है।

हमारे स्वास्थ्य मंत्री मुम्बई वाले हैं, इसलिये आग के शोले हैं। हमारे लिये बहुत खुशी की बात है कि आप मंत्री बन गये हैं।

सभापति महोदय, आज एड्स की बीमारी सारी दुनिया में बढ़ती जा रही है और इसकी संख्या आज एक करोड़ तक पहुंच गई है। हमारे देश के महानगरों- दिल्ली, कोलकाता, चैन्नई और मुम्बई में एड्स के बीमार दिखाई देते हैं। इस बीमारी की रोकथाम के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

एड्स खत्म करना हमारा काम है, शत्रुघ्न ही उनका नाम है,

एड्स खत्म करने में बहुत बड़ा दाम है, शत्रुघ्न, यही अब हमारा काम है।

श्री किरीत सौमैय्या जी ने बताया कि उनकी एक संस्था इस कार्य के प्रसार और प्रचार में लगी हुई है। डा. सरोजा की एक संस्था इस काम में लगी हुई है। मैं जब महाराट्र में समाज कल्याण मंत्री था, महाराट्र और विशेाकर मुम्बई में इस कार्य के लिये प्रचार किया। गांवों से लोग एड्स लेकर आते हैं और मुम्बई से पैसा लेकर जाते हैं। यह बात बिलकुल सही है कि इसकी रोकथाम किये जाने की जरूरत है।

सभापति जी, श्री शत्रुघ्न सिन्हा राजनीति में आये हैं। वैसे इनको राजनीति में नहीं आना चाहिये था लेकिन जब आ ही गये हैं, हमें फिल्मों में जाने की जरूरत है। वे बिहार से चुनकर आये हैं और मंत्री बन गये। आप पर लोगों को उम्मीद है। आज जो नौजवान लोग गलत काम कर रहे हैं, उन्हें सही राह पर लाने का काम हम लोगों को करना है। प्रो. रावत बतला रहे थे कि आज से 2500 साल पहले बुद्ध धर्म था। उसके बाद वैदिक धर्म आया और हिन्दू धर्म आया। मैं कहना चाहता हूं कि यह नीति की बात है। लोग बाहर जाते हैं, गलत काम करते हैं, ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिये। मेरी मांग है कि जो नीति तोड़ने का काम कर रहे हैं, उन्हें 'पोटा' के अंदर रखना चाहिये। हमारे देश मे इस तरह का कानून भी है।

सभापति महोदय, मेरी मंत्री जी से विनती है कि वे एड्स की बीमारी खत्म करने के लिये प्रयास करें, हम इसमें उन्हें पूरा-पूरा सहयोग देंगे। इसके लिये एक आन्दोलन शुरु करने की आवश्यकता है।

एड्स के द्वारा जो नुकसान होता है, इसका संदेश लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। अगर आपने यह काम अपने हाथ में ले लिया तो हम विपक्ष में रहकर भी सरकारी पक्ष से सहयोग करने के लिए तैयार हैं। आप इस काम को करिये, हम आपको सहयोग देंगे। लेकिन अगर पैट्रोल पम्प जैसे काम करोगे तो हमें आपको सहयोग देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आप अच्छा काम करोगे तो हम जरूर आपका साथ देंगे। डा.वी.सरोजा इस गैर सरकारी बिल को लाई हैं, सरकार द्वारा भी इस बिल को लाकर देश से एड्स को समाप्त करने की आवश्यकता है। धन्यवाद।

**18.21 hrs**

***The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock***

***on Monday, August 5, 2002/Sravana 14, 1924 (Saka).***

---